नेत्र शिविर में 72 लोगों की जांच

चेन्नई@पत्रिका. महावीर इंटरनेशनल हेरिटेज द्वारा श्री एस एस जैन वर्धमान चैरिटेबल ट्रस्ट, सैदापेट में निशुल्क नेत्र जांच शिविर श्री एस एस जैन संघ के सहयोग से लगाया गया। एम एन आइ अस्पताल के चिकित्सकों ने 72 लोगों की आंखों की जांच की।

इनमें 5 जनों की आंखो में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी निशुल्क सर्जरी करवाई जाएगी। 34 जनों की आंखे जांच में कमजोर पाई गई।उनको चश्मे बनाकर दिए जाएंगे। बुजुर्गों को जरूरत की सामग्री दी गई।

अशोक लोढ़ा व कुलदीप राठौड़ का सहयोग रहा। महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक समदरिया फतेह चंद, प्रकाश बोहरा, विमल बोकड़िया, सुरेश कोठारी, ज्ञानचंद तातेड़, शांतिलाल सिसोदिया, उमेदमल, महावीर चंद, महेन्द्र, चमन बोकड़िया सहयोग रहा।

आत्मा आत्मा में कोई फर्क नहीं है

चेन्नई@पत्रिका. किलपॉक जैन संघ में विराजित योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्य उदयप्रभ सूरीश्वर ने आचारांग सूत्र के तहत कहा कि आत्मा आत्मा में कोई फर्क नहीं है, चाहे वह एकेंद्रिय, बेइंद्रिय या पंचेंद्रिय की हो। चींटी को तीन इंद्रिय है। चींटी को जन्म से ही नहीं दिखता लेकिन वह आहार वासना के लिए गंध के आधार पर अपनी गति बनाती है। कुछ इंद्रियां काम नहीं करती लेकिन जीव के संस्कारों से वह महसूस करते हैं। व्यक्ति को सपने आने के समय पांचो इंद्रियां सुषुप्त अवस्था में होती है लेकिन फिर भी हम शब्द, रुप, गंध को महसूस करते हैं। चींटी देखती नहीं, फिर भी चलती- सुनती है और मक्खी सुनती नहीं, फिर भी महसूस करती है। यह आत्मा में रही हुई संज्ञा द्वारा होता है। ज्ञानी कहते हैं हर जीवात्मा के पास चार संज्ञा रही हुई है।

छोटे जीवों में भी माया संज्ञा होती है, चाहे वह बेइंद्रिय हो या तेइंद्रिय। जीवात्मा एकेंद्रिय, बेइंद्रिय हो तो भी कभी कभार संज्ञा से पंचेंद्रीय जैसा पाप कर सकता है।

80वां निर्वाण जयंती समारोह 9 को

चेन्नई@पत्रिका. वेपेरी जैन संघ में विराजमान योगनिष्ठ आ. विजय केशरसूरीश्वर के समुदाय के गच्छाधिपति आ. विजय विज्ञानप्रभसूरीश्वर को विनती लेके पधारे।

योगीराज विजय शांतिसूरीश्वर गुरुदेव का 80वां निर्वाण जयंती समारोह 9 अक्टूबर को गुरु श्री शांतिविजय जैन विद्यालय, वेपेरी में आयोजित किया जाएगा।

कॉलेज के सचिव गौतमचंद बैद ,डॉ ज्ञानचंद जैन, अशोकचंद क़ानूगा, निहालचंद नाहर, धर्मेंद्र लूणिया, हितेन्दर मुणोत, मनमोहन गोलेछा, उत्तमचंद सिंघवी ने गुरुदेव के पास विनती की।

हेल्पिंग पीपल ट्रस्ट उम्मीद एक किरण की अध्यक्षा सरला सिसोदिया के नेतृत्व में अयनावरम गौशाला में हरा घास लड्डू लापसी आदि खिलाया गया। अंजू कोठारी, मधु कांकरिया, संतोष कोठारी, शशि बुरट, संजू लूणावत, सुमन बोहरा, पूनम जैन, पदमा भण्डारी, नीतू जैन,उषा खिवासरा, पुष्पा छल्लानी का सहयोग रहा।

सस्ती नेत्र सर्जरी के लिए पहल



चेन्नई@पत्रिका. जरूरतमंदों को सस्ती नेत्र सर्जरी प्रदान करने के लिए समर्पित गैर सरकारी संगठन, आई रिसर्च सेंटर ने अभिनेता सिद्धार्थ की चिट्ठा फिल्म चैरिटी प्रीमियर के माध्यम से धन जुटाया। यह एक उत्कृष्ट कार्यक्रम था जो सीजंस पीवीआर सत्यम में सिनेमा के आकर्षण को करुणा की भावना के साथ जोड़ता है।

डॉ. अग्रवाल्स ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स निदेशक डॉ. अथिया अग्रवाल ने कहा हम इस अद्भुत पहल में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस अवसर से जुटाई गई धनराशि हमें 40,000 से अधिक जीवन बदल देने वाली कॉर्निया सर्जरी करने में सक्षम बनाएगी, जिससे 1.3 मिलियन भारतीयों के जीवन में रोशनी वापस आएगी जो कॉर्नियल बीमारी से अंधे हो गए हैं। हॉस्पिटल के कार्यकारी निदेशक डॉ. अश्विन अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। अभिनेता सिद्धार्थ ने कहा यह सिर्फ एक प्रीमियर नहीं है। यह एक ऐसे उद्देश्य का अवसर है जो मेरे लिए महत्वपूर्ण है।

शसुन कॉलेज में दो दिवसीय एनएसएस ओरिएंटेशन 2023-24

लघु फिल्म से दिया नशीली दवाओं व पदार्थों से दूर रहने का संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. महानगर के टी.नगर स्थित शंकरलाल सुंदरबाई शसुन जैन महिला महाविद्यालय में हाल ही दो दिवसीय एनएसएस ओरिएंटेशन 2023-24 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन मद्रास विश्वविद्यालय में प्रबंधन अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर और प्रमुख प्रभारी डॉ. वनिता अग्रवाल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को नशीली दवाओं के उपयोग से बचाव के बारे में बताया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने नशीली दवाओं पर बनाई गई एक प्रस्तुति और लघु फिल्म का प्रदर्शन किया। डॉ. अग्रवाल ने वरिष्ठ स्वयंसेवकों को बैज प्रदान किए। दूसरे सत्र नशीले पदार्थों से बचाव की अवधारणा में डॉ. भवानी ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग पर काबू पाने एवं उनके बारे में जागरूकता, लत की रोकथाम और आत्मविश्वास पर विचार साझा किए। डॉ. मीनाक्षी ने स्वयंसेवकों को सकारात्मक वातावरण में विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया। गोकुल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को और अधिक सामाजिक सेवाएं करने के लिए प्रोत्साहित किया। पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ता एंजेलिन प्रिंस ने महिलाओं के लिए सामान्य स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने स्वयंसेवकों को उपयोगी टिप्स भी साझा किये।

अग्नि दुर्घटना से बचाव के उपाय बताए

एनएसएस ओरिएंटेशन के अगले दिन मद्रास उच्च न्यायालय की वकील गीता प्रिया ने महिलाओं को स्वतंत्र होने और अपने अधिकारों को जानने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं पुराच्ची संगठन और कल्याण के संस्थापक और अध्यक्ष सुंदरमूर्ति ने मानवाधिकारों के बारे में बताया। डॉ. मीनाक्षी ने स्वयंसेवकों को सकारात्मक वातावरण में विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्निशमन अधिकारी एलुमलै ने अग्नि दुर्घटना से उबरने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं के बारे में बताया। अलर्ट एनजीओ के प्रबंधक कार्लमार्क आर ने डेमो उपयोगी टिप्स साझा किए। अंत में एक पूर्व छात्र सत्र हुआ जिसमें नए एनएसएस स्वयंसेवकों को सत्यापन के रूप में बैज दिए गए।

साध्वी चैतन्याश्री के प्रवचन

महान पुरुषों का जीवन दीर्घ साधना वाला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. पुरुषवाक्कम एएमकेएम में विराजित साध्वी चैतन्याश्री ने बताया कि 300 वर्ष पूर्व विक्रम संवत 18वीं शताब्दी में मोहनदास महिमा देवी के पुत्र जयमलजी म.थे। पिता की जय होने से पुत्र का नाम जय रखा। जब वह गर्भ में आए तब माता को सिंह का सपना दिखा।

चौमासी के दिन मेड़ता की सब दुकानें मंगल थी तब पूछा कि भूधरस्वामी जी पधारे हैं चौमासा के लिए पधारे हैं। पुत्र जय भी गए सेठ सुदर्शन पर प्रवचन चल रहा था। जय ने आवजीवन के लिए ब्रह्मचर्य के प्रत्याख्यान ले लिए। अभी शादी हुई थी परंतु भीष्म पितामह की तरह व्रत लिया, संयम लेने की भावना जागी, आज्ञा मांगना पड़ेगा, तीन घंटे में खड़े-खड़े प्रतिक्रमण कंठस्थ कर लिया। संयम लिया, तपस्या में 16 साल उपवास का एकांतर, 16 साल बेला बेला, 20 मासखमन किए। 750 लोगों को दीक्षा दी।

यह गुरुदेव एक भवअवतारी है अर्थात एक भव करके मोक्ष में जाएंगे। ऐसी दीर्घ साधना की, ऐसा महान पुरुषों का जीवन होता है। प्रचार प्रचार समिति के संयोजक गौतमचंद गुगलिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया ने एएमकेएम में पधार कर साध्वीजी के दर्शन वंदन का लाभ लिया और विस्तृत विचार विमर्श किया।

इस मौके पर सुरेश लुणावत व अन्य उपस्थित थे। पुच्छीसुनम का 27 दिन का सम्पुट जाप शुरू किया। तीन दिन का नवकार रैंकी साधना जाप चालू है। बड़ी साधु वंदना के प्रश्न मंच का अयोजन किया गया।

इसके अलावा भी विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। दोपहर की क्लास चालू है। यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचंद पावेचा ने दी।

भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया ने एएमकेएम में साध्वी चैतन्याश्री के दर्शन वंदन का लाभ लिया।

'आडम्बर युक्त जीवन जीने की अभिलाषा नहीं रखना'

चेन्नई@पत्रिका. नार्थ टाउन के एएमकेएम स्थानक में चातुर्मासार्थ विराजित गुरुदेव जयतिलक मुनि ने प्रवचन में कहा कि आत्म बंधुओं, सम्यकत्व के दूषण यानी मलिनता बताए हैं।

मलिनता यानी सम्यकत्व से मिथ्यात्व की ओर बढ़ना लेकिन जैन का विशेष निर्देश है सादा जीवन उच्च विचार। उच्च विचार यानी सदाकाल सही सोचना सही बात का निर्णय करना। ऊंचे विचार रहेंगे तो किसी के प्रति भी बुरी भावना नहीं आएगी। जैन कुल में जन्म लेने पर भी भौतिकता में रचा पचा रहता है। सादा जीवन अच्छा नहीं लगता है। आडम्बर युक्त जीवन जीने की अभिलाषा नहीं रखना।

सादा जीवन जीने की इच्छा रखना। आडम्बर युक्त जीवन-जीने से अंहकार बढ़ता है। ज्ञानी जन कहते हैं व्यक्ति गुणों से पूजा जाता है वस्त्रों से नहीं। जैन धर्म में गहनों और वस्त्रों को नहीं दिखाया जाता है। आडम्बर युक्त जीवन मिथ्यात्व की ओर ले जाता है। कर्मबन्ध होते हैं। बहुत से नवयुवक है जिनको सामायिक प्रतिक्रमण करने की इच्छा नहीं होती है। लेकिन जहां दूसरों की पूजा में पूरी रात भी बैठे रह जाते है ऐसे धर्म को अच्छा मानना मिथ्यात्व है।

ज्ञान के साथ विनय होगा तो मनुष्य बुलन्दियों को छू सकता है

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. साहुकारपेट जैन भवन में बुधवार को साध्वी धर्मप्रभा ने कहा कि ज्ञान विनय देता है और विनय से जीवन में पात्रता आती है।ज्ञान मनुष्य के अंदर वो सबसे बड़ा हथियार है जिससे वह पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में काबू में करने की हिम्मत रखता है और परमात्मा को पाने शक्ति है। ज्ञान है और विनय नहीं तो वह इंसान पशु और जानवर के समान है।

जो मनुष्य अपने ज्ञान और विद्वत्ता पर घंमड और अंहकार करता है वह दुनिया का सबसे बड़ा बुद्धिहीन और महामूर्ख इंसान है। ज्ञान के साथ विनय होगा तभी मनुष्य आसमान की बुलन्दियों को छू सकता है और सफलता को प्राप्त करके अपनी इस आत्मा को उत्कृष्ट बना सकता है। साध्वी स्नेहप्रभा ने उत्तराध्ययन सूत्र की गाथा का वर्णन करते हुए बताया कि साधना वो मार्ग है जिससे मनुष्य अपने पूर्व भव में किए गए शुभ-अशुभ कर्मों के फल को देखकर जाति स्मरण ज्ञान को प्राप्त कर सकता है।

कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने बताया कि धर्मसभा में तपस्यार्थियों और बाहर से पधारे अतिथियों का श्री संघ के महामंत्री सज्जनराज सुराणा,सुरेश डूंगरवाल,शम्भूसिंह कावड़िया ,ज्ञानचन्द दुग्गड़, उत्तमचन्द नाहर ने स्वागत किया। रविवार को सत्यवादी अहिंसा के पुजारी वीर तेजाजी म. की जयंती मनाई जाएगी।

मीना बाजार शुरू, पहले दिन उमड़े खरीदार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. किलपाक स्थित सेंट जार्ज स्कूल के विंग्स कन्वेशन सेंटर में बुधवार को राजस्थान कास्मो क्लब द्वारा मीना बाजार की शुरुआत हुई। अभिनेत्री तान्या रविचंद्रन ने मीना बाजार का उद्घाटन किया। गुरुवार तक चलने वाले इस लाइफस्टाइल एक्जीबिशन में पहले दिन खरीदारों ने मीड नाइट शापिंग की। बाजार में 225 से अधिक स्टॉल में गोल्ड व डायमंड ज्वेलरी, सिल्ववियर, फैशन, कपड़े, एक्सेसरीज, फुटवियर, किड्स वियर, होम डेकर का प्रदर्शन किया गया है। इसमें देश भर से एक्जीबिटर भाग ले रहे हैं। मीना बाजार की चेयरपर्सन विनम श्रीपाल कोठारी ने बताया कि 20 वर्षो से प्रतिवर्ष मीना बाजार का आयोजन किया जा रहा है। मैनेजिंग ट्रस्टी जितेंद्र भंडारी ने बताया कि प्रदर्शनी से प्राप्त आय को जरूरतमंद संस्थाओं को दिया जाता है। अध्यक्ष प्रवीण नाहर ने बताया इस प्रदर्शनी का चेन्नई को इंतजार रहता है। इस मौके पर जयंतीलाल छल्लाणी, जे रणजीत, दिलीप चंदन द्वारा कई संस्थाओं को कपड़े वितरित किए गए। श्रीपाल कोठारी ने कहा कि मीना बाजार नामचीन लाइफस्टाइल प्रदर्शनी में गिना जाता है। यहां कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी जगहों के स्टाल लगे हैं।

'सृजन' ने किया हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

'हास्यमेव जयते' में मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कोयम्बत्तूर. हिन्दी साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के विकास के लिए कार्यरत संस्था सृजन एसोसिएशन के तत्वावधान में माहेश्वरी भवन में 'हास्यमेव जयते' कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सृजन के अध्यक्ष श्रीगोपाल माहेश्वरी ने स्वागत किया। उपाध्यक्ष गुलाब मेहता ने सृजन संस्था का परिचय दिया। कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि अरुण जेमिनी, दिनेश बावरा, हरीश हिन्दुस्तांनी, गौरी मिश्रा एवं रोहित शर्मा की उपस्थिति रही। कवियों ने रोचक प्रस्तुतियों से लोगों को खूब हंसाया। अरुण जेमिनी के हरियाणवी अंदाज में पढ़ी गई कविताओं पर लोग ठहाके लगाते रहे। कवियों ने समसामयिक काव्य-पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक गोपाल शर्मा, बी महावीर जैन, राकेश मेहता, श्रीगोपाल माहेश्वरी एवं नरेन्द्रकुमार सिंह का सम्मान किया गया। संतोष मूंदडा, स्नेहा बैद, मनोज गगड, ललित मेहता जालोरी एवं कार्यसमिति के सभी सदस्यों का इस आयोजन में सहयोग रहा। संस्था की सचिव मधु बांठिया ने धन्यवाद दिया।

संचालन जैनसुख बैद ने किया।

चेन्नई पत्रिका फेसबुक पेज
जुड़ें, पढ़ें और आगे बढ़ें
हर पल की खबर
facebook.com/PatrikaChennai
visit, like and share

उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आज के जीवन में विज्ञान का खास महत्व : जैन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. मींजुर स्थित श्री चंद्रप्रभु जैन कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग एवं विज्ञान क्लब के सहयोग से तमिलनाडु राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, चेन्नई द्वारा बुधवार को एक उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. एन. सुजाता थी। डीआरसी पॉल बरनबास के अध्यक्ष तमिलनाडु उपभोक्ता संरक्षण संगठन चेन्नई ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में तिरुवल्लूर और चेन्नई के आसपास के 40 उपभोक्ता क्लबों के सदस्यों ने भाग लिया। डॉ. जीपी भवानी, विभागाध्यक्ष, रसायन विज्ञान विभाग, समन्वयक विज्ञान क्लब ने स्वागत भाषण दिया।

कॉलेज सचिव ललित कुमार ओ. जैन ने छात्रों को आज के जीवन में विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष के. रविचंद्रन ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए

सत्र-प्रथम का संचालन डीआर एम. सुरेश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी सलाहकार और प्रशिक्षण निदेशक, तमिलनाडु उपभोक्ता संरक्षण संगठन चेन्नई ने किया। उन्होंने नकली उत्पादों के प्रति जागरूकता और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के बारे में बताया।

समापन सत्र की अध्यक्षता एमआर जेवाई जेम्स जयराज राज्य उपाध्यक्ष-तमिलनाडु उपभोक्ता संरक्षण संगठन ने की। उन्होंने अपने अनुभव, विभिन्न उत्पादों के लिए जागरूकता का महत्व साझा किया और प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये।

डॉ. एस. श्रीनिवासन, सहायक प्रोफेसर रसायन विज्ञान ने धन्यवाद ज्ञापित दिया गया।

कन्यका महिला महाविद्यालय का आयोजन

चैतन्या इंटर-स्कूल टीचर्स फेस्ट में शिक्षकों ने दिखाई प्रतिभा

चेन्नई@पत्रिका. श्री कन्यका परमेश्वरी महिला कला एवं विज्ञान महाविद्यालय एवं चैतन्या इंटर स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को कॉलेज परिसर में चैतन्य इंटर-स्कूल टीचर्स फेस्ट का आयोजन किया।

कार्यक्रम में मानद संवाददाता वोट्टुकुरु शरत कुमार, प्रिंसिपल डॉ. टी. मोहनाश्री, डीन डॉ. पी. वनीता, वाइस प्रिंसिपल डॉ. एम.वी. नप्पिनई, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. पी. बरनी कुमारी, चैतन्य समिति संयोजक डॉ. ए. दुर्गा देवी ने हिस्सा लिया। टीचर्स फेस्ट में चेन्नई के विभिन्न स्कूलों से आए करीब 100 से अधिक शिक्षकों ने कैरम, रंगोली और एडॉप्ट्यून में भाग लिया। इनमें कैरम प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शिक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा।

उत्कृष्ट खेल भावना और टीम भावना इस आयोजन का मुख्य आकर्षण थी। रंगोली में भाग लेने वाले शिक्षकों ने अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा, कल्पना, रंगों का ज्ञान और डिजाइनिंग कौशल दिखाया। एडॉप्ट्यून में भाग लेने वाले शिक्षकों ने शिष्टता के साथ अपने नृत्य का प्रदर्शन किया। शिक्षकों को कंडुवा व नमूना देकर सम्मानित किया गया।